कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

फा.सं.- रा.भा./239/2024-राजभाषा दिनांक : 10/09/2024

# परिपत्र

**विषय : 'राजभाषा पखवाड़ा 2024' के दौरान आयोजित की जा रही विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं व अन्य गतिविधियों के संबंध में।**

उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरूग्राम व अधीनस्थ शाखा कार्यालयों के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं मुख्यालय, क.रा.बी.निगम, नई दिल्ली से प्राप्त अनुदेशों के अनुसरण में **'राजभाषा पखवाड़ा 2024'** के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं व अन्य गतिविधियों का आयोजन निम्नानुसार किया जाएगा-

| क्र.सं. | तारीख/समय | प्रतियोगिताएं/गतिविधियां | भाषा वर्ग | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17.09.2024 | राजभाषा पखवाडे का शुभारंभ<br>कार्यालय प्रमुख की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समीक्षा बैठक | - | - |
| 2 | 18.09.2024<br>(अप.03:00 से 04.00 बजे तक) | राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता | हिंदी तथा हिंदीतर भाषी के लिए अलग-अलग | प्रथम पुरस्कार ₹1800/-<br>द्वितीय पुरस्कार ₹1500/-<br>तृतीय पुरस्कार ₹1200/-<br>प्रोत्साहन पुरस्कार-1 ₹500/-<br>प्रोत्साहन पुरस्कार-2 ₹500/-<br>**(दोनों भाषा वर्ग के लिए अलग-अलग पुरस्कार राशि)** |
| 3 | 19.09.2024<br>(अप.03:00 से 04.00 बजे तक) | हिंदी टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता<br>(प्रश्न पत्र के आधार पर) | -वही- | -वही- |
| 4 | 20.09.2024<br>(अप.03:00 से 04.00 बजे तक) | हिंदी वाक् प्रतियोगिता<br>समय 3-5 मिनट प्रत्येक प्रतिभागी | -वही- | -वही- |
| 5 | 20.09.2024<br>(अप.03:00 से 04.00 बजे तक) | हिंदी निबंध प्रतियोगिता | -वही- | -वही- |
| 6 | 26.09.2024 | हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन | | |
| 7 | 30.09.2024 (अप.3.00 बजे) | राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह-सह-पुरस्कार वितरण समारोह | | |

- हिंदी निबंध एवं वाक् प्रतियोगिताप्रतियोगिताओं हेतु विषय 17 सितम्बर को पखवाडे के उदघाटन के समय बताए जाएंगे।
- उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में सभी संवर्गो के सभी नियमित अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं।
- हिंदी भाषी एवं हिंदीतर भाषी कार्मिकों को अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।
- प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को 'राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह 2024' में प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।
- प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक सभी अधिकारी/कर्मचारी राजभाषा शाखा को नामांकन दिनांक 17/09/2024 तक निर्धारित प्रपत्र में दें, ताकि तद्नुसार अपेक्षित व्यवस्था की जा सके।

कृपया इसे सभी सहकर्मियों/अधीनस्थों के संज्ञान में लाएं एवं अधिकतम प्रतिभागिता के लिए प्रेरित करें।

अनुलग्नक: 1) नामांकन प्रपत्र
2) राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता से संबंधित दिशानिर्देश

Signed by Sweety Yadav
Date: 10-09-2024 14:07:33

(डॉ. स्वीटी यादव)
सहायक निदेशक(राजभाषा)

**सेवा में,**

1. निजी सचिव, उप निदेशक(प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरूग्राम।
2. सभी अधिकारी/कर्मचारी, उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरूग्राम।
3. सभी शाखा अधीक्षक, उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरूग्राम।
4. सभी शाखा प्रबंधक, अधीनस्थ शाखा कार्यालय, उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरूग्राम।
5. सामान्य शाखा/आइ.सी.टी. शाखा/रखवाल, उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरूग्राम को उक्त प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों हेतु अपेक्षित व्यवस्था करने हेतु।
6. वेबसाइट प्रबंधक को इस अनुरोध के साथ कि वे इसे वेबसाइट पर अपलोड करें।